**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

## लविवि : हिंदी हमारा मान और सम्मान

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ओर से हिंदी दिवस पर 'क्या भारतीयों का अंग्रेजी प्रेम भारत के लिए अभिशाप है' विषय पर द्वितीय अटल बिहारी बाजपेयी राष्ट्रीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दयाशंकर सिंह रहे। प्रतियोगिता का संचालन मूट कोर्ट संघ ने किया। प्रतियोगिता में देशभर से टीमों ने भाग लिया। विधि संकाय प्रमुख प्रो. सीपी सिंह ने कहा कि हिंदी केवल भारत में ही नहीं अपितु अन्य देशों में भी बोली जाती है। हिंदी पर 50 से अधिक देशों में शोधकार्य हो रहा है। हिंदी के प्रति अगर आज जागरूक नहीं हो पाए तो 100-200 वर्ष बाद हिंदी की स्थिति भी संस्कृत जैसी हो जाएगी। कार्यक्रम में संघ की अध्यक्षा डॉ. विनीता काचर, डॉ. मनीष हिंदवी, प्रो. पीआर शुक्ल ने संबोधित किया। प्रतियोगिता की विजेता दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम रही, जिसमें अनन्या बनर्जी तथा ओजस्वनी गुप्ता थीं। राष्ट्रीय विधि विवि, ओडिशा की टीम उपविजेता रही, जिसमें प्राची चौधरी एवं तनुज शर्मा थे। सर्वश्रेष्ठ वक्ता के पुरस्कार से ओजस्वनी गुप्ता को सम्मानित किया गया।

## लविवि : आज राज्यपाल करेंगी चार नई सुविधाओं की शुरुआत

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षकों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों से जुड़ी चार सेवाओं में मंगलवार से वृद्धि होगी। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सुबह 11.30 बजे इन ऑनलाइन सुविधाओं का शुभारंभ करेंगी, जिसमें ऑनलाइन लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम- स्ट्रेटेजिक लर्निंग एप्लीकेशन फॉर ट्रांसफार्मेटिव एजुकेशन (स्लेट) के साथ ही कम्प्यूटर सेंटर, सैलरी ऑटोमेशन, ऑनलाइन कम्युनिकेशन और रिक्रूटमेंट सेल की सुविधा शामिल हैं।

**i-NEXT PAGE 3**

## बीएड संबंधी शिकायतें 17 तक

**LUCKNOW (14 Sept, inext):** लखनऊ यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कराई गई यूपी संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड एंट्रेंस एग्जाम के संबंध में कैंडीडेंट्स 17 सितंबर तक शिकायत दर्ज करा सकते हैं. शिकायत बीएड की आधिकारिक ई-मेल पर भेजी जा सकती है. प्रो. बाजेपेई ने बताया इसमें ऐसी शिकायतें कर सकते हैं जैसे किसी स्टूडेंट्स को वेटज नहीं मिला, नंबर को लेकर शंका है.

## एलयू में स्लेट एप का उद्घाटन आज

**LUCKNOW :** एलयू के स्टूडेंट्स के लिए स्ट्रेटिजक लर्निंग एप्लीकेशन फॉर ट्रांसफॉरमेटिव एजुकेशन (एसएलएटीई-स्लेट) का शुभारंभ मंगलवार को गवर्नर आनंदी बेन पटेल जूम एप के माध्यम से सुबह 11 बजे करेंगी. इस एप के बाद स्टूडेंट्स को गूगल मीट, जूम आदि एप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी. इस एक एप पर उनको यूनिवर्सिटी का पूरा ई कंटेंट, वीडियो और लेक्चर मिल जाएंगे.

**NBT PAGE 4**

## एलयू आज लॉन्च करेगा स्लेट ऐप, राज्यपाल करेंगी उद्घाटन

■ **एनबीटी, लखनऊः** एलयू अपने स्टूडेंट्स के लिए स्ट्रैटेजिक लर्निंग ऐप्लिकेशन फॉर ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन (स्लेट) ऐप मंगलवार को लॉन्च करने जा रहा है। इसका उद्घाटन मंगलवार को राज्यपाल आनंदी वेन पटेल जूम ऐप के माध्यम से करेंगी।

**ऐप पर मिलेगा विवि का पूरा ई-कंटेंटः** कुलपति प्रो.आलोक राय के मुताविक, अव स्टूडेंट्स को ऑनलाइन क्लास करने के लिए गूगल मीट, जूम और अन्य ऐप की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस इकलौते ऐप पर उनको विवि का पूरा ई-कंटेंट, विडियो और लेक्चर मिल जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस ऐप का उपयोग केवल विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स ही कर सकेंगे। इस ऐप के तैयार होने के वाद शिक्षकों को भी स्टूडेंट्स को ऑनलाइन पढ़ाने के लिए दूसरी एजुकेशनल ऐप का सहारा नहीं लेना पड़ेगा। यह ऐप एंड्रायड और आईफोन दोनों मोवाइल पर उपलब्ध होगा।

## बीएड 2020: 17 तक दर्ज होंगी परिणाम संबंधी शिकायतें

■ **एनबीटी, लखनऊः** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से करवाई गई उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा वीएड-2020 में परीक्षा परिणाम के संवंध में अभ्यर्थी 17 सितंवर तक शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। शिकायत वीएड की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर भेजी जा सकती है। निर्धारित तारीख के वाद की गई शिकायत को संज्ञान में नहीं लिया जाएगा।

**अक्टूबर में होगी काउंसलिंग :** वीएड काउंसलिंग 21 सितंवर को प्रस्तावित हुई थी। शासन ने काउंसलिंग के पत्र को स्वीकार नहीं किया था। इसके वाद एलयू प्रशासन काउंसलिंग करवाने के लिए दोवारा पत्र भेजने की तैयारी कर रहा है। इसे देखते हुए अंदाजा लगाया जा रहा है कि अक्टूवर में यूपी वीएड की काउंसलिंग हो पाएगी।

**HINDUSTAN PAGE 5**

## 17 तक दर्ज करा सकते हैं बीएड नतीजे पर आपत्तियां

लखनऊ | **वरिष्ठ संवाददाता**

प्रदेश के बी एड कॉलेजों में प्रवेश के लिए आयोजित उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2020-21 में परीक्षा परिणाम के संबंध में अभ्यर्थी अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित बी एड सलाहकार समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया।

विवि प्रशासन ने आगामी 17 सितंबर तक अभ्यर्थियों को अपनी आपत्तियां दर्ज कराने का मौका दिया। ये शिकायत बीएड की आधिकारिक ई-मेल पर भेजी जा सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि निर्धारित तारीख के बाद की गयी शिकायत को संज्ञान में नहीं लिया जाएगा। बीएड की प्रवेश समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया इसमें ऐसी शिकायतें कर सकते हैं जैसे किसी अभ्यर्थी को वेटेज नहीं मिला, नंबर को लेकर शंका है। इस तरह के मेल आ रहे थे जिसको लेकर शिकायत कर सकते हैं।

### अक्टूबर में होगी काउंसलिंग

लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड काउंसलिंग 21 सितंबर को प्रस्तावित हुई थी। शासन ने काउंसलिंग के पत्र को स्वीकार नहीं किया था। इसके बाद एलयू प्रशासन काउंसलिंग कराने के लिए दोबारा पत्र भेजन की तैयारी कर रहा है। प्रो. बाजपेई ने बताया कि काउंसलिंग अक्टूबर में कराई जाएगी।

## एक क्लिक पर वीडियो संग लेक्चर भी मिलेंगे

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को अब एक क्लिक पर पूरा कि कंटेंट वीडियो और लेक्चर मिल जाएंगे। विश्वविद्यालय की ओर से स्ट्रेटजिक लर्निंग एप्लीकेशन फॉर ट्रांसफॉरमेटिव एजुकेशन की शुरुआत की जा रही है। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मंगलवार को इसका उद्घाटन करेंगी।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉक्टर विनोद कुमार सिंह में बताया कि उद्घाटन जूम एप के माध्यम से सुबह साढ़े 11 बजे होगा। यह एप विश्वविद्यालय नेखुद विकसित किया है। इस एप के बाद छात्रों को गूगल मीट, जूम आदि एप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस इकलौते एप पर उनको विश्वविद्यालय का पूरा ई कंटेंट, वीडियो और लेक्चर मिल जाएंगे।

**DAINIK JAGRAN PAGE 4**

## लखनऊ विवि में स्लेट एप का शुभारंभ आज

शताब्दी वर्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों और कर्मचारियों की सुविधा के लिए मंगलवार से नई व्यवस्था शुरू करने जा रहा है। इस क्रम में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल द्वारा मंगलवार को स्ट्रेटेजिक लर्निंग एप्लीकेशन फॉर ट्रांसफॉरमेटिव एजुकेशन (एसएलएटीई-स्लेट) का शुभारंभ किया जाएगा। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि स्लेट का शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा। प्रोफेसर राय ने बताया कि ऑनलाइन पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए विश्वविद्यालय एसएलएटीई-स्लेट एप लांच कर रहा है। इस एप के बाद विद्यार्थियों को गूगल मीट, जूम आदि एप डाउनलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस इकलौते एप पर उनको विश्वविद्यालय का पूरा ई कंटेंट, वीडियो और लेक्चर उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि स्लेट एप का उपयोग केवल विश्वविद्यालय के छात्र ही कर सकेंगे।



## बीएड प्रवेश परीक्षा परिणाम :17 तक करें शिकायत

उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-21 के परिणाम के संबंध में अभ्यर्थी 17 सितंबर तक अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत बीएड की आधिकारिक ई-मेल पर भेजी जा सकती है। निर्धारित तिथि के बाद किसी शिकायत का संज्ञान नहीं लिया जाएगा। समन्वयक ने बताया इसके तहत किसी अभ्यर्थी को वेटज न मिलना, नंबर को लेकर संशय जैसी शिकायतें कर सकते हैं।

**PIONEER PAGE 3**

## बीएड प्रवेश परिणाम से असंतुष्ट अभ्यर्थियों से एलयू ने 17 सितम्बर तक मांगी आपत्ति

**लखनऊ।** बीएड कक्षाओं में दाखिले को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय की तरफसे घोषित उत्तरप्रदेश राज्य प्रवेश परीक्षा 2020 के परिणाम को लेकर विवि प्रशासन ने अभ्यर्थियों से 17 सितम्बर तक आपत्तियां मांगी है। अभ्यर्थी 17 सितम्बर की मध्य रात्रि पर ईमेल के जरिये अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। राज्य प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो अमिता बाजपेयी ने बताया कि परीक्षा परिणाम अथवा भाराँक को लेकर कोई अभ्यर्थी असंतुष्ट है तो ऐसे अभ्यर्थी 17 सितंबर की रात्रि 12 बजे तक जेईई बीएड की आधिकारिक ई-मेल पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद की गयी शिकायत को संज्ञान में नहीं लिया जायेगा।